**E-mail**

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

23/05/2025

**संचिका सं0** : 03 / 04 – भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका –02 / 2024 2216 **पटना, दिनांकः–**

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका के पत्रांक 1373 दिनांक 18.11.2024 द्वारा श्री यश चौधरी (AEN07664), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध दिनांक 06.09.2024 से लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा नियोजन समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 14774 दिनांक 27.12.2024 द्वारा श्री चौधरी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। तत्पश्चात् निदेशालय पत्रांक 713 दिनांक 13.02.2025 एवं पत्रांक 1674 दिनांक 08.04.2025 द्वारा स्मारित भी किया गया है, परन्तु स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर अबतक अप्राप्त है। साथ ही बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका के पत्रांक 703 दिनांक 20.05.2025 द्वारा अनाधिकृत रूप से अबतक अनुपस्थित रहने के कारण संविदा नियोजन समाप्त करने की पुनः अनुशंसा की गयी है।

श्री चौधरी का अनाधिकृत अनुपस्थित रहना एवं पूछे गये स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर नहीं दिया जाना उनके कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक हैं।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022'' की कंडिका–08 (4) के तहत श्री यश चौधरी (AEN07664), विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

24/5/25

**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / 04 – भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका –02 / 2024 2216 **पटना, दिनांक** 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : श्री यश चौधरी (AEN07664), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ प्रेषित।

24/5/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / 04 – भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका –02 / 2024 2216 **पटना, दिनांक** 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/5/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / 04 – भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका –02 / 2024 2216 **पटना, दिनांक** 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

24/5/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप